

# युवक को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

## बरगवां पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, हत्या के आरोपी 3 घंटे में दबोचे गए, अस्पताल में इलाज के दौरान टूटी जिंदगी की डोर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 13 फरवरी। बरगवां थाना क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जहां दबंग शराबियों ने एक युवक पर इस कदर हमला किया कि उसकी जिंदगी ही छिन गई। घटना कन्नई तिराहा स्थित आदर्श होटल के पास 12 फरवरी की रात करीब 10 बजे हुई। मृतक की पहचान विष्णु बैगा पिता लालजी बैगा उम्र 22 वर्ष निवासी गुल्हीडाड़, थाना बरगवां के रूप में हुई है, जो अपने गांव में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था।**

जानकारी के अनुसार विष्णु बैगा जैसे ही आदर्श होटल के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद विक्रम बैस पिता जगदीश बैस उम्र 34 वर्ष और केशवदास बैस पिता सूर्यलाल बैस उम्र 52 वर्ष निवासी कन्नई ने उसे रोक लिया। मामूली कहा-सुनी के बाद आरोपियों ने अचानक आक्रामक रुख अपनाते हुए विष्णु बैगा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने बांस के डंडे से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले की भयावहता इतनी थी कि विष्णु जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन आरोपी नहीं रुके और लगातार मारपीट करते रहे। घटना की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल बैढ़न पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन आज दिन शुक्रवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। इस त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक मो. समीर, उप निरीक्षक विशेष प्रसाद साकेत, प्रआर अनुप मिश्रा, संजय यादव, सुरेंद्र मुझाल, रामनिवास यादव, विपिन सिंह तोमर और आर अरविंद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### छठी के कार्यक्रम में जा रहा था मृतक

जानकारी के अनुसार विष्णु बैगा निवासी गुल्हीडाड़ कन्नई गांव में छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण में जा रहा था कि शराबियों ने एक होटल में बैठ कर शराब पी रहे थे। चर्चा है कि विष्णु शराबियों के सामने जूता पहनकर निकल रहा था कि आरोपियों को यह बात नागवार लगी। इसी बात पर आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की, इसके बाद जब विष्णु ने इसका विरोध किया तो मारपीट करने लगे। मारपीट इतना किये की वह जमीन पर अचेत होकर गिर पड़ा। आरोपियों ने सॉपों की तरह लाठियों से पीटते रहे। अधमरा हालत में घायल युवक को डायल 112 के माध्यम से जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां आज उसकी मौत हो गई। हालांकि बरगवां पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार ने देरी नही की। अब आरोपी जेल के सलाखों के पीछे हैं।

### आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में तत्काल विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मात्र तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी जब्त कर लिया है। आरोपियों के विरुद्ध हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा और कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### इनका कहना-

बीती रात करीब 11:30 बजे विष्णु बैगा के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है। उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी आज दिन शुक्रवार को मौत हो गई है। विष्णु बैगा किसी कार्यक्रम में जा रहा था कि दो आरोपियों ने मारपीट की, जिन्हें तीन घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**गौरव पाण्डेय**
एसडीओपी (आईपीएस), मोरवा






# कोयला चोरी करते तीन आरोपी गिरफ्तार, वन अपराध दर्ज

## अमिलिया दक्षिण सर्किल में वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई

**नवभारत इम्पैक्ट**

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 13 फरवरी। वन परिक्षेत्र बैढ़न अंतर्गत दक्षिण अमिलिया बीट में वन विभाग की टीम ने अवैध कोयला परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथ पकड़कर उनके विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया है।**

यह कार्रवाई हाल ही में 11 फरवरी को नवभारत में प्रकाशित खबर के बाद वन अमले की सक्रियता का परिणाम मानी जा रही है। वन विभाग के अनुसार दौरान दक्षिण अमिलिया वन क्षेत्र में तीन व्यक्ति साइकल से छः बोरी अवैध कोयला ले जाते हुए पाए गए। टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में महेंद्र साकेत उम्र 29 वर्ष निवासी अमिलिया, उदेन साकेत उम्र 30 वर्ष निवासी बदौरा तथा राजेश शाह उम्र 30 वर्ष निवासी अमिलिया शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। यह कार्रवाई वन विभाग के अमिलिया बीट एवं बैढ़न रेंज के वनरक्षक और वनपालों की भूमिका रही है।

## एक नजर में

### सनातन रक्षा मंच वैलेंटाइन डे का करेंगे विरोध



**सिंगरौली।** सनातन रक्षा मंच महाकौशल प्रांत विभाग सिंगरौली सनातन संस्कृति विरोधी समस्त कार्यक्रमों का विरोध करता आ रहा है और आगे भी विरोध करता रहेगा। आगामी 14 फरवरी को तथाकथित वैलेंटाइन-डे के अवसर पर जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पार्क, उद्यान, शिक्षण संस्थान, प्रमुख चौराहा पर असुरक्षा व्यवस्था एवं कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा सार्वजनिक मर्यादा भंग करने की घटना होती रही हैं। जहां सनातन रक्षा मंच वैलेंटाइन-डे का विरोध करेगा। आज दिन शुक्रवार को सीएसपी विंध्यनगर को संतशरण भट्ट के अगुवाई में ज्ञापन भी सौपा गया है। ज्ञापन में स्पष्ट तौर पर कहा है कि सनातन रक्षा मंच ऐसे तथाकथित कार्यक्रमों का मुहतोड़ जवाब देगा, जो सनातन संस्कृति के खिलाफ होगा। उन्होंने यह भी कहा है कि एक कवि सम्मेलन भी होने वाला है, उस पर भी नजर रखने की जरूरत है।

### दूसरे चरण में क्लस्टरवार शिविर होंगे आयोजित

**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन जिले में संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन 12 जनवरी से 31 मार्च तक चरणबद्ध किया किया जा रहा है। इस दौरान 16 फरवरी से 15 मार्च तक अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रो में क्लस्टर स्तर पर एवं नगरीय क्षेत्रो में नगर, जोन स्तर पर शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत 16 फरवरी को चितरंगी विकास खण्ड के ग्राम पंचायता क्योंटली, करौंदिया, कुलकवार, खम्हरिया, खम्हारडीह, गोपला, तमई, नैकहवा, नेवारी, नौढ़िहवा, पोड़ी खुर्द सहित अन्य में शिविर आयोजित किया जायेंगा।




# दो बसों एवं ओव्हरलोड खनिज वाहनों पर हुई चालानी कार्रवाई

## संयुक्त टीम की सघन चेकिंग में वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 फरवरी। परिवहन एवं खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य ओवरलोड रेत, राखड़, कोयला और गिट्टी के अवैध परिवहन पर रोक लगाना, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के मार्गदर्शन में महुआगांव-सरई से सीधी-रीवा मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। जांच के दौरान दो बसें नियमों का उल्लंघन करते हुए पाई गईं, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं ओवरलोड रेत परिवहन करते पाए गए वाहन क्रमांक यूपी 53 जेडसी 5860 को नियमों के उल्लंघन पर जप्त कर निवास चौकी परिसर में खड़ा कराया गया। इसके अलावा टीम द्वारा वाहनों के प्रदूषण प्रमाणपत्र, बीमा, फिटनेस, खनिज परिवहन अनुमति सहित अन्य दस्तावेजों की भी गहन जांच की गई। अभियान के दौरान सरई थाना क्षेत्र के बंधा-पचौर-महुआगांव से निगरी चौकी तक व्यापक जांच की गई। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसपी मनीष खत्री के निर्देश पर चिन्हित मालवाहक वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर भी लगाए गए, जिससे रात्रि में दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज परिवहन और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस अभियान से न केवल अवैध परिवहन पर अंकुश लगेगा, बल्कि सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

# देवसर विधायक ने विस में उठाया संविदा कर्मचारियों से नियम विरुद्ध कार्य का मामला

## 18 तक जवाब देने की समयसीमा तय, स्वास्थ्य विभाग से मांगा विस्तृत प्रतिवेदन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 फरवरी। म.प्र. की विधानसभा में संविदा कर्मचारियों से नियम विरुद्ध कार्य कराए जाने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया गया है।**

म.प्र. विधानसभा सचिवालय में तारांकित प्रश्न क्रमांक 2124 के माध्यम से देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से जवाब तलब किया है। प्रश्न में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान प्रदेश के जिला चिकित्सालयों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालयों में स्टोर कीपर का कार्य संविदा फार्मासिस्ट या अन्य कर्मचारियों से कराए जाने की जानकारी मांगी गई है। विधानसभा सचिवालय द्वारा इस प्रश्न का उत्तर भेजने की अंतिम तिथि 18 फरवरी निर्धारित की गई है, जबकि सदन में उत्तर देने की तिथि 26 फरवरी तय की गई है। इससे स्पष्ट है कि सरकार को तय समयसीमा के भीतर विस्तृत और तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत करना होगा। प्रश्न में यह भी पूछा गया है



कि नियम विरुद्ध नॉनईडीएल दवाओं की खरीदी, प्रभार सौंपने और प्रशासनिक स्तर पर हुई संभावित अनियमितताओं के संबंध में क्या जांच और कार्रवाई प्रस्तावित है।

### दवा वितरण कक्ष का प्रभार देने का था निर्देश

इसी मुद्दे से जुड़ा एक आदेश जिले के बैढ़न स्थित जिला चिकित्सालय से भी सामने आया है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा 6 फरवरी को जारी पत्र में दवा वितरण कक्ष के प्रभार को लेकर तीन दिवस के भीतर हस्थांतरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि समय पर प्रभार न सौंपने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं विधानसभा में उठे इस प्रश्न और जिला स्तर पर जारी प्रशासनिक आदेशों को साथ जोड़कर देखें तो स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। संविदा कर्मचारियों से नियमानुसार दायित्व लिए जाने, स्टोर और दवा वितरण व्यवस्था की पारदर्शिता तथा वित्तीय अनुशासन जैसे मुद्दे अब राजनीतिक और प्रशासनिक बहस का केंद्र बन चुके हैं। निर्धारित अंतिम तिथि 18 फरवरी को शासन क्या जवाब देता है, इस पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हुई हैं।

# आईपीएसओ एंड एम कॉन्फ्रेंस में विंध्याचल की ऐतिहासिक जीत

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 13 फरवरी। एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उद्योग नेतृत्व क्षमता को सिद्ध करते हुए आज दिन शुक्रवार को रायपुर में आयोजित इंडियन पावर स्टेशन कॉन्फ्रेंस में चार प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कार अपने नाम किए।**




इनमें ओ एंड एम उत्पादकता के लिए संयुक्त रूप से एनटीपीसी लारा के साथ स्वर्ण शक्ति पुरस्कार, सुरक्षा के लिए स्वर्ण शक्ति अवार्ड, मानव संसाधन श्रेणी में स्वर्ण शक्ति पुरस्कार के साथ-साथ प्रतिष्ठित ओवर आल चैंपियन में स्वर्ण शक्ति पुरस्कार तथा चैंपियन एवं बिजनेस एक्सीलेंस के लिए चैंपियन एवं ओवरऑल एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये उपलब्धियाँ विंध्याचल की परिचालन उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जो सुदृढ़ रखरखाव प्रणाली, दक्षता अनुकूलन और सशक्त स्थिरता ढांचे के माध्यम से उच्च विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है। ऊर्जा उत्पादन में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन ने स्टेशन को उद्योग में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। यह पुरस्कार पंकज अग्रवाल सचिव एवं गुरदीप सिंह अन्य ने ग्रहण किया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर 12 घंटे तक रहेगा सर्वार्थ सिद्धि योग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 फरवरी। अखिल ब्रह्मांड के नियामक भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकटीकरण का अति महत्वपूर्ण पर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी दिन रविवार को मनायी जाएगी। यह निराकार, कार स्वरूप को साकार रूप में प्रकट होने की महारात्रि है। भूत भावन भोलेनाथ का अत्यंत श्रद्धा एवं विश्वास के साथ दर्शन-पूजन, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करने का विधान है।**

महाशिवरात्रि केवल एक व्रत या त्योहार नहीं है, बल्कि यह ब्रह्मांड की उस चेतना के साथ जुड़ने का दिन है, जिसे हम शिव कहते हैं। ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार यह दिन आध्यात्मिक साधकों के लिए ऊर्जा के द्वार खोलता है। महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव ने वैराग्य छोड़कर माता पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। यह मिलन प्रकृति और पुरुष के एकाकार होने का प्रतीक है। विशेष योग इस वर्ष महाशिवरात्रि को सुबह 7 बजे से शाम 7:48 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। यह योग 12 घंटे से अधिक समय तक प्रभावी होगा। ज्योतिष शास्त्र में सर्वार्थ सिद्धि योग को अत्यंत कल्याणकारी माना गया है।

# स्वच्छता में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक : बालगोविन्द

## स्वच्छता कनेक्ट के तहत निगम सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 फरवरी। स्वच्छता कनेक्ट अंतर्गत ननि आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशानुसार ननि सभागार में क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।**



कार्यशाला में शहर के शैक्षणिक संस्थान, होटल, अस्पताल, आवासीय योजनाओं के प्रतिनिधि, स्व सहायता समूह, मैरेज गार्डन संचालक, कार्यालय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं के संधारणकर्ता, पेट्रोल पंप, मॉल, सिनेमा घर के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान शहर की स्वच्छता में सबके सहयोग और भागीदारी की सहमति बनी, जिसे शपथ के माध्यम से सबने स्वीकार करते हुए संकल्पित हुए। शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को जमीनी स्तर पर उतारने, कचरा संग्रहण एवं स्रोत पृथक्करण, खुले में कचरा न फेंकने, नागरिक समूहों द्वारा स्वच्छता में नवाचारों को अपनाने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं के संधारण की जिम्मेदारी, स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान सभी स्टेकहोल्डर द्वारा अपने-अपने संस्थानों को दिशा निर्देशों के अनुरूप तैयारी करने, स्कूली छात्रों में स्वच्छता के लिए व्यवहार परिवर्तन की गतिविधियों, शहर के आरआरआर सेंटर के संचालन एवं संधारण के लिए जिम्मेदारी लेने जैसे विषयों पर परिचर्चा की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी, आशीष शुक्ला, साक्षी सिंह परमार, आईईसी टीम लीडर नितेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली की इकाई-1 में मना उत्पादन दिवस

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर, 13 फरवरी। एनटीपीसी सिंगरौली में इकाई 1 का 45वाँ उत्पादन दिवस उत्साह व गर्व के साथ मनाया गया। यह अवसर परियोजना की दीर्घकालिक विश्वसनीयता, तकनीकी दक्षता एवं कर्मियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।**



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: इकाई 1 के नियंत्रण कक्ष में केक काटकर किया गया। इस अवसर पर सीएच किशोर कुमार महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह का वातावरण उपलब्धियों के गौरव एवं सामूहिक उत्साह से परिपूर्ण रहा। इसके उपरांत सेवा भवन उद्यान में विधिवत हवन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएच किशोर कुमार ने उत्पादन दिवस की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा उत्पादन दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन की समर्पण, अनुशासन एवं तकनीकी उत्कृष्टता की निरंतर यात्रा का उत्सव है। इकाई 1 की 45 वर्षों की यह उपलब्धि एनटीपीसी की सुदृढ़ कार्यसंस्कृति, टीम भावना एवं कर्मियों की अथक निष्ठा का प्रमाण है।

# एनसीएल में मनाया गया राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 फरवरी। एनसीएल मुख्यालय में राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक मनीष कुमार ने झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**



कार्यक्रम के दौरान निदेशक रजनीश नारायण, निदेशक आशुतोष द्विवेदी, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक एनसीएल मनोज कुमार सिंह ने सभी को कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ उत्पादन और उत्पादकता में अभिवृद्धि, संसाधनों का संतुलित तथा समुचित उपयोग करते हुए सुदृढ़ कार्य संस्कृति की स्थापना, समाज के जीवन स्तर एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए अपना योगदान देने तथा सहकर्मियों को भी इस दिशा में प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई। इस वर्ष यह दिवस क्लस्टर विकास इंजन के रूप में एमएसएमई उत्पादकता को अधिकतम बनाना विषय पर मनाया जा रहा है।

# अजंता राधा कंपनी के खिलाफ विस्थापितों का हल्लाबोल

## स्थानीय रोजगार नहीं देने का आरोप, प्रबंधन पर तानाशाही रवैये की शिकायत, खदान में घुसकर काम कराया बंद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 फरवरी। एनसीएल की गोरबी परियोजना के ब्लॉक-बी में ओवरबर्डन कार्य कर रही अजंता राधा कंपनी के खिलाफ एक बार फिर विस्थापित ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा।**



स्थानीय रोजगार की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण खदान परिसर में पहुंच गए और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए ओबी का कार्य पूरी तरह बंद करा दिया। अचानक हुए इस विरोध प्रदर्शन से खदान क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई। विस्थापित ग्रामीणों का आरोप है कि अजंता राधा कंपनी शुरू से ही स्थानीय लोगों की उपेक्षा कर रही है और रोजगार देने में लगातार आनाकानी कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने का नियम और प्रशासनिक निर्देश होने के बावजूद कंपनी प्रबंधन द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है।

### गोरबी पुलिस के हस्तक्षेप पर शांत हुआ मामला

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि एनसीएल परियोजना से प्रभावित होने के बावजूद उन्हें रोजगार और अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है, जो उनके साथ अन्याय है। स्थिति को गंभीर होते देख गोरबी पुलिस मौके पर पहुंची और हस्तक्षेप कर ग्रामीणों को समझाइश दी। पुलिस और प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और खदान क्षेत्र से वापस लौटे। हालांकि विस्थापितों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया गया तो वे आंदोलन को और उग्र रूप देंगे। उल्लेखनीय है कि अजंता राधा कंपनी पूर्व में भी स्थानीय रोजगार और विस्थापन से जुड़े मुद्दों को लेकर विवादों में रही है। ताजा विरोध प्रदर्शन ने एक बार फिर कंपनी प्रबंधन और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि विस्थापितों की मांगों पर प्रशासन और कंपनी प्रबंधन क्या ठोस कदम उठाते हैं।